सांठगांठ — धान घोटाले के आरोपी मिलर्स को मिलिंग की अनुमति क्यों ?

# करोड़ों का घोटाला, हजारों की पेनाल्टी !



**नवभारत,जबलपुर।** समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के परिवहन में करोड़ों रुपये के घोटाले के बावजूद जिले के राइस मिलर्स को एमपी स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन जिला कार्यालय द्वारा 27 में से 13 मिलर्स पर विभागीय कार्रवाई करते हुए परिवहन एवं अलदान राशि के साथ मात्र 5 प्रतिशत शास्ति लगाई गई। हैरानी की बात यह है कि करोड़ों के धान की हेराफेरी मामले की जांच में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने के बाद भी केवल हजारों रुपये की पेनाल्टी लगाकर उन्हें वर्ष 2024-25 की धान मिलिंग की अनुमति देने की अनुशंसा कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन कलेक्टर द्वारा कराई गई जांच में कुल 46 राइस मिलर्स की जांच की गई थी। इसमें से 43 मिलर्स के द्वारा धान के परिवहन में गड़बड़ी होना पाया गया। गंभीर मामलों में 16 मिलर्स पर एफआईआर दर्ज की गई, जबकि 27 मिलर्स पर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।

## फिर दी जा रही मिलिंग की अनुमति

जिला कार्यालय ने तर्क दिया है कि वर्तमान में जिले में धान मिलिंग का कार्य प्रचलित है और उपलब्ध मिलर्स की संख्या कम है। इसी आधार पर विभागीय कार्रवाई के बाद इन्हीं 13 मिलर्स को दोबारा धान मिलिंग की अनुमति देने की अनुशंसा की गई है।

## विभागीय कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

करोड़ों रुपये के घोटाले में नाम आने के बावजूद महज हजारों की पेनाल्टी और फिर मिलिंग की अनुमति दिए जाने से विभागीय कार्रवाई की गंभीरता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि भोपाल मुख्यालय इस अनुशंसा पर क्या फैसला लेता है।

## इन मिलर्स पर लगी इतनी पेनाल्टी

जांच के बाद जिन 13 मिलर्स पर पेनाल्टी लगाई गई है, जिसमें सम्यक इंडस्ट्रीज पर 8,440 रुपए, अन्नदेशा ट्रेडिंग कंपनी पर 18,420 रुपए, रघुवीरश्री राइस मिल पर 62,733 रुपए, एल.आर. फूड्स पर 1,33,984 रुपए, एल.एंड डी. फूड्स पर 11,431 रुपए, श्री सांवरिया सेठ एग्रो पर ? 1,11,965 रुपए, मंगलम् फूड्स पर 29, 171 रुपए, श्री अंजनी इंडस्ट्रीज पर 42,254 रुपए, सांईनाथ एग्रो पर 42,608 रुपए, राम राइस मिल पर 87,366 रुपए, अमर एग्रो ग्रेन्स पर 52,116 रुपए, मृदंग इंडस्ट्रीज पर 3,136 रुपए तथा ए.जे. खंडेलवाल राइस मिल पर 6,823 रुपए की वसूली प्रस्तावित की गई है।

# उभरते हुए अधिवक्ता तैयारी को दे प्राथमिकता : सराफ




**जबलपुर, नवभारत।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, महाकौशल प्रांत, जबलपुर ईकाई के द्वारा शुक्रवार को एक व्याख्यान माला फ्रॉम फाइल टू कोर्ट रूम ड्राफ्टिंग रीट पिटीशन विषय पर एक प्रोग्राम हाईकोर्ट एडवोकेट बार एसोसिएशन में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति विनय सराफ उपस्थित रहे, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवम सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिनके द्वारा उपरोक्त विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया कि अधिवक्ता केस फाइल करने के पहले की तैयारी, तर्क की तैयारी, कैसे प्रभावी ढंग से कर सकते हैं। नए अधिवक्ता की बहुतायत इस बात का प्रमाण थी कि न्यायाधिपति के अनुभवों को सुनने आतुर थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया सुनील जैन ने अधिवक्ता परिषद के इतिहास और कार्य प्रणाली पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया इस दौरान हाई कोर्ट एडवोकेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल मनचसीन रहे सभी अतिथियों को पौधे एवम पुष्प देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालन सुनील गुप्ता और राम मिलन प्रजापति, गजेन्द्र सिंह ने किया। इस दौरान मंचासीन एडवोकेट तेज कुमार मोढ़ द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन भी किया गया। डीएसजी सुयश मोहन गुरु एवं संदीप कुमार शुक्ला द्वारा व्यवस्था प्रबंध किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद के समस्त सदस्य, युवा अधिवक्ता और विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

# शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच देकर 2 .94 लाख की लगाई चपत

**जबलपुर।** शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच देकर साइबर ठग ने युवकको फर्जी वाट्सएप ग्रुप में जोड़ने के बाद फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप लोड करवाकर शेयर मार्केट में फर्जी ट्रेड मे रूपये निवेशित करवाते 2 लाख 94 हजार रूपए की चपत लगा दी। तिलवारा पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को प्रशांत कुमार पाण्डे 30 वर्ष निवासी सगडा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह मंगेली मे निमार्णाधीन भवन में सर्वेयर के पद पर कार्यरत है। उसके



मोबाईल नम्बर को आस्था ट्रेड हब वाट्सएप ग्रुप में ग्रुप में एडमिन द्वारा जोडा गया था ग्रुप एडमिन ने स्वयं को कम्पनी का सीईओ बताया था। एडमिन द्वारा एसीएस ट्रेड नाम का एप् डाउनलोड करने कहा था इसलिये उसने मोबाईल पर एप्प डाउनलोड किया था जो उसके द्वारा एसीएस ट्रेड एप्प के माध्यम से 2-2 हजार रूपये जमा किये थे एवं मार्केटिंग शेयर में 4 हजार 164 रूपये की खरीदी की गयी थी। इसके बाद कई बार कुल 2 लाख 94 हजार रूपये निवेशित किये थे। उसके एकाउंट में रूपये वापस न दिखाई देने पर जानकारी प्राप्त किया तो पता चला कि फर्जी वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप लोड करवाकर बेईमानी करने की नीयत से फर्जी ट्रेड में शेयर मार्केट में कुल 2 लाख 94 हजार रूपये की राशि जमा करवाते हुये धोखाधड़ी की गयी है।

# प्रदेश भर में नर्मदा के बाढ़ क्षेत्र का सीमांकन कर स्थायी निर्माणों को हटाएं

एनजीटी ने पीएस पर्यावरण को आदेश पालन की रिपोर्ट एकत्र करने निर्देश

**जबलपुर।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी के न्यायिक सदस्य श्यो कुमार सिंह व एक्सपर्ट मेंबर सुधीर कुमार चतुर्वेदी की युगलपीठ ने पूर्व में जारी आदेशों को दोहराते हुए कहा कि प्रदेश भर में नर्मदा के बाढ़ क्षेत्र का सीमांकन कर स्थायी निर्माणों को हटाया जाए। एनजीटी ने कहा कि इस क्षेत्र में स्थायी निर्माणों पर रोक लगे। अधिकरण ने प्रमुख सचिव पर्यावरण को निर्देश दिए कि सभी जिलों के संबंधित विभागों, एजेंसियों, नगर निगम आयुक्त व कलेक्टर से आदेश पालन की रिपोर्ट एकत्र करें। प्रमुख सचिव को तीन माह के भीतर पूरी रिपोर्ट एनजीटी के सचिव को सौंपने के निर्देश दिए हैं। जनहित याचिकाकर्ता नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, जबलपुर के अध्यक्ष डा. पीजी नाजपांडे ने एनजीटी के समक्ष एक आवेदन पेश कर बताया पिछले तीन वर्षों में नर्मदा के बाढ़ क्षेत्रों का सीमांकन नहीं हुआ और वहां के अतिक्रमण नहीं हटाए गए हैं। जनहित याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रतीक जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पूर्व आदेश के बावजूद नर्मदा किनारे से डेयरियां नहीं हटने से नदी में गंदगी जा रही है। एनजीटी ने सख्त निर्देश दिये कि नर्मदा, परीयट तथा गौर के किनारे स्थापित डेयरीयों को हटाकर उन्हें नई जगह पर बसाया जाये, ताकि नदी में गंदगी नहीं जा सके। इस मामले की सुनवाई के दौरान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जबलपुर के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की रिपोर्ट पेश की है। रिपोर्ट के अनुसार जबलपुर शहर में स्थापित 16 एसटीपी में से 12 कार्यरत हैं, जबकि चार बंद हैं। ललपुर, उमाघाट, गौरीघाट, रानीताल तालाब तथा गुलौआ तालाब के एसटीपी बंद पड़े हैं।

## सीएमपीएफ आयुक्त हाजिर नहीं हुए तो जारी किया जायेगा गिरफ्तारी वारंट

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने कोल माइंस प्राविडेंट फंड (सीएमपीएफ) के क्षेत्रीय आयुक्त, जबलपुर को 11 फरवरी को हाजिर होने के निर्देश दिए हैं। यदि वे हाजिर नहीं हुए तो उनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी करने की चेतावनी दी गई है। मामला एक सेवानिवृत्त कर्मचारी के परिवार से जुड़ा है, जो 14 साल से लंबित पेंशन मामले का दंश भोग रहा है। प्रकरण मूलतरू लिपिकीय त्रुटि से दोहरे प्राविडेंट फंड खाते से जुड़ा है। याचिकाकर्ता शहडोल जिला अंतर्गत धनपुरी निवासी 57 वर्षीय विमला बाई की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, आनंद शुक्ला व विनीत टेहेनगुरिया ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिका मूल रूप से विमला बाई के पति स्व. संपत द्वारा दायर की गई थी, जिनका निधन मुकदमे की लंबी अवधि के दौरान हो गया था। विमला बाई अब उनकी कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में मामला लड़ रही हैं। याचिका के अनुसार मृतक संपत ने वर्ष 1972 को साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) में शहडोल जिले के धनपुरी खदान में स्वीपर के पद पर नियुक्ति पाई थी और वर्ष 2012 को 40 वर्ष से अधिक सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए थे। किन्तु याचिकाकर्ता को वर्ष 1972 से 1981 के दौरान का प्रोविडेंट फंड, ग्रेच्युटी और अन्य लाभ नहीं दिए गए।

# तालाब में उतराती मिली लापता बुजुर्ग की लाश

**जबलपुर।** हनुमानताल तालाब में शुक्रवार सुबह एक बुजुर्ग की लाश उतराती मिली। मृतिक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका पता नहीं चल सका। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को मोह. अमजद 55 वर्ष निवासी चांदनी चौक ने सूचना दी कि उसके पिता अब्दुल हबीब 80 वर्ष लीवर की बीमारी से पीडित थे जिनका इलाज अस्पतालों में कराया था उसके पिता परेशान रहने लगे थे। रात 1 बजे काम से आया तो पिता घर पर थे वह सो गया था,



सुबह 4 बजे बेटा प्राईवेट जॉब से घर वापस तो देखा पिता घर पर नहीं थे। बेटे आमिर ने बताया दादा घर पर नहीं है। थाने में सूचना दी। जिसके बाद तलाश शुरू की गई।

### सीसीटीव्ही फुटेज से लगा सुराग

हनुमानताल पुलिस द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये फुटेज में अब्दुल हबीब घोडानक्कास की ओर जाते दिखे, इसके बाद पुलिस और परिजन तलाश करते हुए हनुमानताल तालाब पहुंच गई लापता बुजुर्ग का शव उतराते दिखा। पुलिस ने शव को बाहर निकालने के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है ।

### इधर लापता युवक का शव मिला

भेड़ाघाट थाना अंतर्गत सहजपुर में लापता युवक की लाश पड़ी मिली। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को सुदामा कोल 45 वर्ष निवासी सहजपुर बजरंग कालोनी ने सूचना दी कि वह पल्लेदारी का काम करता है। 29 जनवरी 26 को उसका लडका अभिषेक उर्फअक्षर कोल 20 वर्ष घर पर था, रात 8 बजे गॉव तरफ गया था जो उसे ग्राम सहजपुर ब्रिज के पास दिखा था रात में बेटा घर नहीं आया था। शुक्रवार बेटे की तलाश करने पर सुबह 6 बजे उसके घर आगे आम के पेड के नीचे बेटा अभिषेक पडा हुआ था जिसकी मौत हो चुकी थी ।

## समाधान योजना से बकायादार उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

**नवभारत,जबलपुर ।** प्रदेश शासन की समाधान योजना 2025-26 के तहत पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के जबलपुर क्षेत्र में बकायादार उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिल रही है। मुख्य अभियंता एस.के. गिरिया के निर्देशन में योजना के माध्यम से अधिभार में छूट दी जा रही है, वहीं बड़े बकायादारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी शुरू की गई है। अबतक लगभग 3,36,680 उपभोक्ताओं ने लाभ लिया है, जिससे कंपनी को 66 .42 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई है। 2 लाख रुपये से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किया गया, और भुगतान न करने वालों के 98 ट्रांसफार्मर बंद किए गए।

# रॉयल स्टेट कॉलोनी में फिर शुरू हुआ अवैध गेस्ट हाउस

रहवासियों में रोष, कलेक्टर से की सख्त कार्रवाई की मांग

**नवभारत,जबलपुर।** कटंगी रोड स्थित दीनदयाल वार्ड क्रमांक 30 की रॉयल स्टेट कॉलोनी में एक बार फिर नियमों की खुलेआम अनदेखी सामने आई है। रहवासी कॉलोनी में आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृत मकानों में अवैध रूप से अतिथि गेस्ट हाउस के नाम पर व्यवसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिससे कॉलोनी की शांति व्यवस्था भंग हो रही है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि प्लॉट क्रमांक 81, 82, 83, 84,



38, 39 एवं 356 में पूर्व में रायल होटल के नाम से अवैध होटल संचालन किया जा रहा था, जिसे वर्ष 2024-25 में जन आंदोलन, धरना-प्रदर्शन और नगर निगम की जांच के बाद बंद कराया गया था।

कॉलोनी वासियों ने आरोप लगाया है कि निगम आयुक्त के स्थानांतरण के बाद उसी स्थान पर नाम बदलकर पुन: गेस्ट हाउस का संचालन शुरू कर दिया गया है। कॉलोनीवासियों ने इसे प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए कलेक्टर जबलपुर से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे माननीय उच्च न्यायालय की शरण लेने को विवश होंगे।

# आरक्षक ने दी भाजपा मंडल अध्यक्ष को धमकी

मां के साथ हुई लूट की शिकायत वापिस लेने बनाया दबाव

**जबलपुर।** अधारताल थाना क्षेत्र में मां के साथ लूट मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के चलते भाजपा मंडल अध्यक्ष ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की थी जिसके बाद से आरक्षक शिकायत वापिस लेने लगातार शिकायतकर्ता को धमकी दे रहा है। अब मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है।

इस संबंध में अमित राय निवासी जय प्रकाश नगर अधारताल ने बताया कि वे भाजपा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मंडल अध्यक्ष है। 26 सितम्बर 25 को सुबह 6:15 बजे उनकी मां अनुसईया राय पूजा करने दुर्गा मंदिर गई थी। जब वे पूजा के लिए फूल तोड़ रही थी तभी दो अ ज्ञात लुटेरों ने झपट्टा मारकर मां की सोने की चेन लगभग 25 ग्राम की लूट ली थी। जिसकी रिपोर्ट अधारताल थाने में दर्ज कराई थी। जिसके आरोपी अब तक नहीं पकड़े गए। मामले में आगे की कार्रवाई की जानकारी लेने के लिए जाते है तो कहा जाता है कि चेन अचानक बरामद होगी हम कुछ नहीं कर सकते है। इसके बाद मामले की शिकायत प्रकोष्ठ व सीएम हेल्प लाइन में की थी । जिसके बाद से आरक्षक अमर पटेल द्वारा लगातार विभिन्न मोबाइल नंबर से फोन करके शिकायत वापिस लेने धमकाया जा रहा है।

# प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने की थी खुदकुशी

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत गंगा नगर में महिला ने पति की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी कर ली थी। मर्ग जांच में खुलासा होने के बाद पुलिस ने दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर एम.डी.नागोतिया ने बताया कि संजीवनी नगर थाने में 19 जनवरी 26 को आशीष विश्वकर्मा 28 वर्ष निवासी गुरहा तालाब गंगा नगर ने सूचना दी कि 18 जनवरी की रात पत्नि रोशनी विश्वकर्मा ने घर में पंखे में स्टॉल से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया। दौरान मर्ग जांच मृतिका रोशनी विश्वकर्मा 24 वर्ष के मायके पक्ष के बयान दर्ज किये गये जिन्होंने बताया कि रोशनी की शादी गंगानगर गुरहा तालाब निवासी आशीष विश्वकर्मा के साथ 3 मई 22 को हुयी थी 1 वर्ष बाद पति रोशनी को मायके से सोने की चैन लाने की कहकर प्रताड़ित करने लगा पति शराब पीकर रोशनी के साथ मारपीट करता था।

# कब्रिस्तान के भीतर से सीवर लाइन की हो रही निकासी



▸ ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने उठाई आवाज

**नवभारत,जबलपुर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जबलपुर शहर अध्यक्ष मोहम्मद शादाब खान ने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को ज्ञापन सौंपकर घमापुर स्थित करियापाथर मुस्लिम कब्रिस्तान से जुड़ी गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने बताया कि आचार्य विनोबा भावे वार्ड में स्थित इस कब्रिस्तान के चारों ओर घनी आबादी है, जहां से छोटे-बड़े नालों और सीवर लाइन की निकासी कब्रिस्तान के भीतर से की जा रही है, जबकि यह कार्य पिछले करीब 20 वर्षों से अधूरा पड़ा है। आरोप है कि क्षेत्रीय लोगों द्वारा दीवार तोड़कर जबरन निकासी की जा रही है, जिससे कब्रिस्तान में गंदगी फैल रही है। जिससे मुस्लिम समाज में आक्रोश व्याप्त है।

# हत्या का बदला बदमाशों का उपद्रव, तोड़फोड़

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत मानेगावं में हुई आयुष पटेल की हत्या का बदला लेने बदमाशों ने हत्या के आरोपी के घर पर उपद्रव मचाया तोड़फोड़ की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक श्रीमति रानू सोनकर 35 वर्ष निवासी इंद्रा आवास कालोनी मानेगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 20 जनवरी 26 को उसके पड़ोस में आयुष पटेल नाम के लड़के की हत्या हो गयी थी जिसमें लड्डू बावरिया व उसके पति राजू सोनकर आरोपी हैं। गत शाम लगभग 7 बजे वह घर पर थी तभी मृतक पक्ष के बाबू सोनकर उर्फराहुल, साजन सोनकर, बादल सोनकर, सागर सोनकर, बाबू सोनकर, गगन कोल, रोहित रायडर एक राय होकर उपद्रव मचाते हुये उसके घर पर आकर विवाद करते हुये घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरों में एवं बकरी बांधने का कमरा एवं सुअर का बाड़ा में तोड़फोड़ कर लगभग 60 हजार रूपये का नुकसान किये उसे मकान खाली करने की धमकी देते हैं मकान खाली नहीं करने पर जान से मारने की धमकी देते है। शुक्रवार सुबह लगभग 8 बजे गगन कोल, रोहित रायडर आकर उसके बकरी बांधने वाले कमरे में कब्जा करने की नियत से उसका ताला तोड़कर अपना ताला लगा दिये उसके किरायेदार निहाल पिल्ले एवं प्रिया राजपूत ने ताला लगाने से मना किये तो नहीं माने थे।

अभियान — 3 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा अभियान, कुष्ठ जागरूकता अभियान का किया गया शुभारंभ

# घर-घर होगी कुष्ठ रोगियों की पहचान

**नवभारत,जबलपुर।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में अतिथियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया गया। विदित हो कि जिला स्वास्थ्य समिति कुष्ठ जबलपुर द्वारा पूज्य महात्मा गांधीजी की पुण्य तिथि के अवसर पर 30 जनवरी से 13 फ़रवरी तक चलने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़े की शुरुआत हो गई है। 15 दिन तक चलने वाले इस अभियान में कुष्ठ रोगी खोज, भ्रांतियों का निदान, प्रचार प्रसार, पी ओ डी कैंप आदि गतिविधियां आयोजित की जाएगीं। शुभारंभ कार्यक्रम में



माननीय न्यायाधीश शक्ति खरे मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने की । कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा द्वारा कुष्ठ रोग की जागरूकता एवं बचाव के लिए जनहित में एक अपील की और शपथ का वाचन सिविल सर्जन डॉ नवीन कोठारी के द्वारा किया गया। इस दौरान वहां मौजूद सभी लोगों ने शपथ लेकर कुष्ठ रोग की जागरुकता व उन्मूलन के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन एनएमएस आर के चौबे के द्वारा किया गया।

### कार्यक्रम में किया गया सम्मानित

इस दौरान जिले के कुष्ठ मरीजों एवं अन्य जिलो से आए आरसीएस (सर्जरी) के मरीजो का माला व शाल पहनाकर ,श्रीफल देकर सम्मान लायन्स क्लब की अध्यक्ष मनीषा सोनी एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। फिर उसके बाद लाइंस क्लब द्वारा जबलपुर कुष्ठ विभाग की टीम तथा जिला चिकित्सालय के अधिकारियो एवं कर्मचारियों का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों के तौर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की जबलपुर जिला अध्यक्ष डॉ ऋचा शर्मा, सक्षम संस्था प्रकोष्ठ महाकौशल प्रांत के सचिव डॉ पीयूष जैन, लायंस क्लब की अध्यक्ष मनीषा सोनी, लायंस क्लब जिला सचिव उमेश जैन, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ नवीन कोठारी उपस्थित रहे।



# एसपी ने परेड का किया निरीक्षण, स्कॉड ड्रिल करवाई

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाईन्स स्थित परेड ग्राउंड पर जनरल परेड का निरीक्षण किया गया। परेड पर अधिकारी, कर्मचारियों से स्कॉड ड्रिल करवाई। पुलिस अधीक्षक के परेड ग्राउंड पहुंचने पर रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य द्वारा सलामी दी गयी, तत्पश्चात परेड प्रारम्भ हुई। जनरल परेड के बाद परेड पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों का निरीक्षण करते हुये एसपी ने अच्छे टर्नाउट वाले कर्मचारियों को पुरूस्कृत किया गया। प्लाटूनों द्वारा की गयी अलग-अलग ड्रिल, आर्म्स ड्रिल एवं यातायात प्लाटून द्वारा की गयी मैनुअल यातायात संकेत ड्रिल को देखा गया। जनरल परेड पर एएसपी सिटी आयुष गुप्ता , एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात सुश्री अंजना तिवारी, सहित समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी शहर, देहात सहित थानो से लगे 120 अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।